

OCTOBER 2017 / NOVEMBER 2017

October 30 '17 MONDAY

B.A. Part – III
Subject – Pol. Sc.
Paper – VI (Political thoughts.

Topic :— निकोलो मैकियावेली
(Nicolo Machiavelli)
(1469 – 1527)

Dr. Dhananjay Jha.
Asst. Prof. Guest faculty / part time.
Deptt. of Pol. Science.
L.S. College Muzaffarpur
M- 8210688019.

जन्म :— 1469 में इटली के प्रसिद्ध नगर फ्लोरेंस में हुआ था। (आधुनिक युग के आरंभिक दौर का प्रसिद्ध इतालवी विचारक था।)

मैकियावेली की प्रसिद्ध रचनाएँ :⟹

— (1) डिस्कोर्सेज ओन लिवी (लिवी पर विमर्श / वार्ताएँ)
— (2) द प्रिन्स (नृपति) } 1531

⟹ मैकियावेली को अपने जीवन काल में अनेक बार फ्लोरेन्स गणराज्य का राजनयिक प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला और उसने विदेशी राज्यों में निरंकुश तंत्र (Despotism) की सफलता के दृश्य अपनी आँखों से देखा था। अतः वह इस नतीजे पर पहुँचा कि इन परिस्थितियों में इटली को भी सुदृढ़ एवं निरंकुश शासक की आवश्यकता थी। इन्हीं विचारों से प्रेरित होकर उसने उपर्युक्त दोनों प्रमुख ग्रंथों की रचना की।

संक्षेप में,
मैकियावेली के द्वारा किये गये शासन प्रणालियों के वर्गीकरण को हम निम्नांकित रूप में रख सकते हैं —

मैकियावेली के अनुसार शासन-प्रणाली का वर्गीकरण
(Government)

- ① आदर्श रूप (Ideal form)
  - ↓ गणतंत्र (Republic)
  - ↓ सच्चरित्र लोगों के लिए उपयुक्त शासन-प्रणाली
- ② व्यावहारिक रूप (Practical form)
  - ↓ राजतंत्र (Monarchy)
  - ↓ भ्रष्ट लोगों के लिए उपयुक्त शासन प्रणाली

—x—

⟹ मैकियावेली उपर्युक्त दोनों ग्रंथों को 1513 में लिखना प्रारंभ किया।

⟹ मैकियावेली द्वारा रचित प्रिन्स (राजा) अपेक्षाकृत छोटी कृति है जो लोरेंजो द मेडीची को समर्पित की गई है। इसकी रचना 1513 में ही पूरी हो गई थी।

⟹ 'डिस्कोर्सेज ऑन लिवी' की रचना 1517 में पूरी हुई। यद्यपि उपर्युक्त दोनों कृतियाँ मैकियावेली की मृत्यु के पश्चात् ही 1531 में प्रकाशित हो पाईं।

⟹ उपर्युक्त दोनों कृतियों के माध्यम से मैकियावेली ने यह सुझाव दिया कि किसी देश के लिए उपयुक्त शासन-प्रणाली का निर्णय करते समय वहाँ के लोगों के चरित्र (charact..) को ध्यान में रखना चाहिए।

⟹ डिस्कोर्सेज ऑन लिवी के अंतर्गत मैकियावेली ने यह मान्यता रखी कि जिस देश के लोग सच्चरित्र हों उस देश के लिए उपयुक्त शासन प्रणाली के रूप में गणतंत्रीय शासन प्रणाली (Republicanism) होगी क्योंकि वही सर्वोत्तम शासन प्रणाली है। परन्तु जिस देश के लोग नितान्त स्वार्थी, लालची और भ्रष्ट होंगे, उन्हें वश में रखने के लिए राजतंत्रीय शासन प्रणाली (Monarchy) का सहारा लेना चाहिए।

मैकियावेली अपने प्रसिद्ध कृति 'द प्रिन्स' में उन सब युक्तियों का विवरण किया जो राजतंत्र के अंतर्गत कुशल शासक को अपनानी चाहिए।